दिनांक : 06.06.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू-कश्मीर में अनेक विकास परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ और शिलान्यास।
- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित एक दशक में आये बदलावों में आज बात सांस्कृतिक विरासत संरक्षण पर।
- स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट" में 1 हजार 929 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त।
- भारत और इंग्लैंड के बीच अब खेली जाएगी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी।

प्रधानमंत्री-जम्मू कश्मीर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जम्मू-कश्मीर में अनेक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की हैं। इसके तहत श्री मोदी उधमपुर- श्रीनगर- बारामुला रेल लिंक परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 272 किलोमीटर के इस रेल लिंक पर लगभग 44 हजार करोड़ रुपये की लागत आई है। पूरी तरह से विद्युतीकृत इस परियोजना में 36 सुरंग और नौ सौ 43 पुल हैं। प्रधानमंत्री आज विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज और भारत के पहले केबल रेल पुल - अंजी खड का भी शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी दो वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडी को भी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे।

सरकार 11 वर्ष-विषेश श्रृंखला

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर भारत ने एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज, हम सांस्कृतिक

विरासत संरक्षण पर बात कर रहे हैं - जो भारत के सभ्यतागत गौरव को पुनर्जीवित करने की कुंजी है।

गृह मंत्रालय जनगणना

गृह मंत्रालय ने कहा कि 2021 की जनगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। लेकिन देश भर में कोविड-19 महामारी के कारण काम स्थगित कर दिया गया था। गृह मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कोविड-19 का असर काफी समय तक जारी रहा और इसने शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया। सरकार ने पुनः जनगणना करने का फैसला किया है जो पहली मार्च 2027 को पूरी होगी।

सर्वदलीय-प्रतिनिधिमंडल

कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल ने कल रात वांशिंगटन में अमरीका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस से मुलाकात की। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष से लेकर तकनीकी सहयोग बढाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ। वहीँ, भारतीय जनता पार्टी सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रसेल्स में बेल्जियम चैंबर्स रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य पीटर डी. रोवर से मुलाकात के बाद भारत का रुख स्पष्ट किया।

आतंकवाद के खिलाफ भारत की एकजुटता का संदेश पूरे विश्व तक पहुंचाने के लिए वैश्विक दौरे पर गए सात सर्वदलीय शिष्ट मंडलों में से पांच स्वदेश लौट आये हैं।

स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में "स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट" में कहा है कि मध्यप्रदेश को समग्र जीवनशैली और वेलनेस नवाचार का ग्लोबल सेंटर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट में वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के निवेशकों से 14 वन-टू-वन बैठकेंकीं, जिनमें बुनियादी ज़रूरतों, निवेश समर्थक नीतियों और प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। समिट में 1 हजार 929 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

डॉ. यादव ने बताया कि उनकी सरकार रोजगार सृजन के लिए तेजी से काम कर रही है। धार्मिक स्थानों पर सभी चिकित्सा पद्धतियों के बड़े केन्द्र बनाने के पीछे आशय यही है कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य के साथ अध्यात्म भी प्राप्त हो।

उम्मीद पोर्टल

केंद्र सरकार कल उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने जा रही है, जिसका उद्देश्य देशभर में वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को सुव्यवस्थित करना है। यह पोर्टल सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और नियमन को बेहतर बनाने के प्रयासों का हिस्सा है। उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण के लिए संपत्तियों का विस्तृत विवरण, जैसे कि इसकी माप और जियो-टैग की गई लोकेशन, अनिवार्य रूप से दर्ज करनी होगी। सरकार को आशा है कि यह पोर्टल वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाएगा और इससे संबंधित विवादों में भी कमी आएगी।

सिकल सेल-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में शोध और अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। चिकित्सा की विभिन्न पद्धतियों के द्वारा रोग उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। राज्यपाल गांधी मेडिकल कॉलेज में कल आयोजित सिकलसेल सेंसेटाइजेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों के लिए सबके साथ और सबके प्रयासों की एकजुट आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरुकता ही सबसे बड़ा टूल है।

प्रेस-काउंसिल परामर्श

केन्द्र सरकार ने प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया अर्थात भारतीय प्रेस परिषद के नाम के अनाधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए परामर्श जारी किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा परामर्श में कहा गया है कि कुछ प्रेस संगठनों द्वारा 'प्रेस-परिषद' शब्द का अनुचित उपयोग किया जा रहा है। मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भारतीय प्रेस-परिषद की किसी भी राज्य में कोई शाखा नहीं है, न ही उसने किसी अन्य निकाय को अपने समान या मिलते-जुलते नाम का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया है। यह सलाह भी दी गयी है कि यदि कोई स्थानीय, निजी अथवा सरकारी संगठन इस नाम का दुरुपयोग करता है, तो उनके पंजीकरण को निरस्त किया जाए अथवा उसमें आवश्यक सुधार किया जाए।

एनसीसी-एवरेस्ट अभियान

राष्ट्रीय कैडेट कोर का माउंट एवरेस्ट अभियान दल 18 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सफल अभियान के बाद लौट आया है। इन्होंने खराब मौसम और कठिन चढ़ाई के बावजूद अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। इस अभियान दल को तीन अप्रैल को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा झंडा दिखाकर रवाना किया गया था। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में एनसीसी कैडेट कृतिका शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान उनका दल कठोर प्रशिक्षण से गुजरा और यह शानदार सफलता हासिल की।

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी

भारत और इंग्लैंड के बीच प्रतिद्वंद्विता अब एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाएगी, जिसका नाम खेल के दो महानतम दिग्गजों-जेम्स एंडरसन और सचिन तेंदुलकर के सम्मान में रखा गया है। 11 जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में खुद तेंदुलकर और एंडरसन द्वारा ट्रॉफी का आधिकारिक रूप से अनावरण किया जाएगा।

समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज आलोट जिला रतलाम के दौरे पर रहेंगे। श्री प्रधान आलोट स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय एवं छात्रावास और स्टाफ क्वार्टरों का लोकार्पण करेंगे।
- बड़वानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज भाजपा कार्यालय में किया जा रहा है।
- कटनी जिले में 12 जून तक गांव -गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रथम दल द्वारा विकासखंड बहोरीबंद, द्वितीय दल द्वारा विकासखण्ड बड़वारा और तृतीय दल का कार्यक्रम विकासखण्ड विजयराघवगढ़ में हुआ।
- आगरमालवा जिले में युवा संगम रोजगार स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन सामुदायिक भवन कंपनी गार्डन में किया जाएगा।

- खंडवा नगर निगम को "पर्यावरण पुरस्कार" प्रदान किया गया। यह पुरस्कार निगम आयुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत द्वारा प्राप्त किया गया।
- मंडला जिले के नगरपालिका नैनपुर में थावर नदी के तट पर स्थित सिंदूर वाटिका में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कल वृक्षारोपण किया।
- शाजापुर कलेक्टर ने कल रेलवे स्टेशन मक्सी, मक्सी उज्जैन मार्ग, प्रस्तावित फुट ओवर ब्रिज निर्माण, रेल्वे ओवर ब्रिज आदि का निरीक्षण किया।
- डिंडोरी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।
- रायसेन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर  की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

-------